nandgaon times sep--21-04.qxd 9/20/2024 11:58 PM Page 1

कलेक्टर ने ग्रामीणों को स्वच्छता... पृष्ठ 2 | अन्य पिछड़ा वर्ग को शासन की योजनाओं... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


शनिवार, 21 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 337, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

## राज्य के पांचों विकास प्राधिकरणों में मुख्यमंत्री होंगे अध्यक्ष मंत्री, लोकसभा, राज्यसभा के सांसद बनाए गए सदस्य



**रायपुर.** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. लगभग डेढ़ महीने बाद हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण, सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में संशोधन के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया. राज्य मंत्रिमंडल ने राज्य में गठित पांचों विकास प्राधिकरणों के पुनर्गठन आदेश में आंशिक रूप से संशोधन की मंजूरी दी है. पांचों प्राधिकरणों के अध्यक्ष सीएम विष्णुदेव साय होंगे. इस संशोधन से पांचों प्राधिकरणों में जनप्रतिनिधित्व का दायरा काफी विस्तृत किया गया है. पांचों प्राधिकरणों में अब राज्य मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों को सदस्य के रूप में शामिल करने के साथ ही संबंधित क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद एवं प्राधिकरण क्षेत्रों के जिला पंचायत अध्यक्षों को अब इसका सदस्य बनाया गया है. पांचों प्राधिकरणों में प्रमुख सचिव/सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है. शेष सभी सदस्य यथावत रहेंगे. छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में प्रस्तावित संशोधन को मंत्रिमण्डल ने मंजूरी दी, जिसके तहत मुख्यमंत्री प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं क्षेत्र के विधायक उपाध्यक्ष होंगे. इस प्राधिकरण में सदस्य के रूप में शामिल पूर्व में मात्र तीन विभागों के मंत्री के स्थान पर अब राज्य मंत्रिमण्डल के सभी मंत्रियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है. प्राधिकरण क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद, प्राधिकरण क्षेत्र के जिला पंचायत अध्यक्ष प्राधिकरण के सदस्य होंगे. प्रमुख सचिव/सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को प्राधिकरण के सदस्य के रूप में शामिल किया गया है. प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश के अनुसार पूर्व में सदस्य के रूप में शामिल 35 विधायकगणों को और अन्य सदस्यों को यथावत रखा गया है. सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में संशोधन किया गया है. मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं क्षेत्र के विधायक (अ.ज.जा. आरक्षित) उपाध्यक्ष होंगे. पूर्व में सदस्य के रूप में शामिल आदिम जाति कल्याण विभाग मंत्री एवं वित्त मंत्री के स्थान पर अब राज्य मंत्रिमंडल के सभी मंत्री प्राधिकरण के सदस्य होंगे. प्राधिकरण क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद, प्राधिकरण क्षेत्र के जनजाति बाहुल्य जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष अब प्राधिकरण के सदस्य होंगे. आदिवासी विकास से जुड़े अधिकतम दो समाजसेवी व विशेषज्ञ (राज्य शासन द्वारा मनोनीत), मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण के सदस्य, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव/सचिव प्राधिकरण के सदस्य सचिव होंगे. प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश के अनुसार इसमें सदस्य के रूप में शामिल 14 विधायकों को यथावत शामिल किया गया है. मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा विधायक (अजा आरक्षित) प्राधिकरण के उपाध्यक्ष होंगे. राज्य मंत्रिमंडल के दो मंत्रियों के स्थान पर अब राज्य मंत्रिमंडल के सभी मंत्रियों, संबंधित क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद, प्राधिकरण के जिला पंचायत अध्यक्ष (अजा), अनुसूचित जाति विकास से जुड़े अधिकतम दो समाजसेवी व विशेषज्ञ (राज्य शासन द्वारा मनोनीत), मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव/सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण के सदस्य और मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव/सचिव इस प्राधिकरण के सदस्य सचिव होंगे. अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश के अनुरूप सदस्य के रूप में शामिल किए गए 10 विधायकों को यथावत रखा गया है. मुख्यमंत्री साय इस प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा क्षेत्र के विधायक (अ.ज.जा. आरक्षित) उपाध्यक्ष होंगे. प्राधिकरण के पुनर्गठन आदेश में किए गए संशोधन के अनुसार अब दो मंत्रीगणों के स्थान पर राज्य मंत्रिमण्डल के सभी मंत्रियों तथा प्राधिकरण क्षेत्र के राज्यसभा, लोकसभा के सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है.

## कवर्धा कलेक्टर-एसपी हटाए गए

### कवर्धा कलेक्टर जन्मेजय महोबे को हटाकर गोपाल वर्मा एवं एसपी अभिषेक पल्लव के जगह राजेश अग्रवाल नियुक्त

धीरज तिवारी

**रायपुर।** राज्य सरकार ने कवर्धा के लाहारीडीह विवाद के बाद एक बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर एवं एसपी दोनों को हटा दिया गया है। कवर्धा कलेक्टर जन्मेजय महोबे को हटाकर गोपाल वर्मा को नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार एसपी अभिषेक पल्लव को हटाकर बलरामपुर रामानुजगंज के एसपी राजेश अग्रवाल को कबीरधाम का नया एसपी नियुक्त किया गया।

## कवर्धा में आइजी ने की बड़ी कार्यवाही 23 पुलिसकर्मियों को लिया अटैच

**कवर्धा।** लोहारीडीह आगजनी मामले में आईजी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 23 पुलिसकर्मियों को अटैच कर दिया है। इस कार्रवाई के तहत एक एसआई और एक महिला आरक्षक को निलंबित किया गया है। वहीं डीएसपी का कार्यक्षेत्र भी बदल दिया है। यह मामला पुलिस प्रशासन में गंभीर चर्चा का विषय बन गया है, और स्थानीय नागरिक न्याय की मांग कर रहे हैं। इस कार्रवाई के तहत निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों में शामिल हैं: सउनि0 कुमार मंगलम (थाना सिंघनपुर) म0आर0 331 अंकिता गुप्ता (चाकी चारभांठा थाना कोतवाली)आदि। ग्रामीणों द्वारा गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद आईजी ने यह निर्णय लिया। आरोप है कि रेंगाखार थाना के अधिकारियों ने अवैध तरीके से गिरफ्तारी की और विवेचना में लापरवाही बरती। इसके साथ ही, डीएसपी संजय धुर्वे का कार्यक्षेत्र भी बदल दिया गया है। उन्हें अब थाना स/लोहारा, सिंघनपुरी, झलमला, रेंगाखार, कैंप पण्डरीपानी और कोयलारझोरी का निरीक्षण और पर्यवेक्षण सौंपा गया है। उनकी जगह, डीएसपी कृष्णकुमार चंद्राकर को नया कार्यक्षेत्र सौंपा गया है।

## एक देश एक चुनाव से तेजी से होगा देश का विकास- हेमिन लाउत्रे

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** एक देश, एक चुनाव पर मोदी सरकार ने मुहर लगा दी है। बुधवार को मोदी कैबिनेट ने देश में सभी



चुनाव एक साथ करवाने के लिए बनी कमिटी की रिपोर्ट को पास कर दिया। इसके बाद देश में एक देश, एक चुनाव की राह से सस्पेंस दूर हो गया है। एक देश एक चुनाव से देश का विकास - तेजी के साथ होगा। यह बातें राजनांदगांव जनपद पंचायत पूर्व अध्यक्ष व भाजपा महिला मोर्चा सक्रिय अभिनेत्री श्रीमती हेमीन लाउत्रे ने कही। श्रीमती लाउत्रे ने कहा कि जैसा कि इसके तहत देश के इस बड़े चुनाव सुधार वन नेशन, वन इलेक्शन की प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहले चरण में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ में कराए जाएंगे। उसके दूसरे चरण में स्थानीय निकाय चुनाव 100 दिन के भीतर करवा लिए जाएंगे। वन नेशन वन इलेक्शन को महिला मोर्चा अभिनेत्री हेमीन लाउत्रे सहित भाजपा नेताओं ने अच्छी पहल बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने आज देशहित में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। एक देश, एक चुनाव देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और सशक्त बनाएगा, चुनावी खर्च कम करेगा और विकास कार्यों में तेजी लाएगी। श्रीमती हेमीन लाउत्रे ने कहा कि बहुत - लंबे समय से एक देश एक चुनाव की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

## औद्योगिक पेंशन पॉच हजार मासिक करने की मांग

भामसं ने प्रधानमंत्री मोदी को ज्ञापन भेजा गया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय मजदूर संघ ने वर्तमान में कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 के अन्तर्गत न्यूनतम मासिक पेंशन



औद्योगिक मजदूरों को मात्र एक हजार रू. महीना दिया जाता है, यह पेंशन सन् 2014 से प्रभावशील है। लगभग एक दशक बीत जाने के बाद भी औद्योगिक पेंशन में कोई वृद्धि नहीं की गई है, जबकि इस दौरान मूल्य सूचकांक अपने चरम पर रहा है, इस कारण औद्योगिक पेंशन के एवज में मिलने वाली राशि का वास्तविक मूल्य आज की तिथि में अत्यंत ही अल्प एवं नगण्य हो चुका है इस कारण पेंशन धारकों को इस न्यूनतम पेंशन में जीवन-यापन करना अत्यंत कठिन हो गया है, इसे लेकर भारतीय मजदूर संघ ने देशभर में कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को औद्योगिक पेंशन में वृद्धि करने का ज्ञापन सौंपा है। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें जिले में औद्योगिक पेंशन पाने वाले लोग शामिल थे के साथ जिलाधीश के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। भेजे गये ज्ञापन में कहा गया कि औद्योगिक पेंशन की राशि एक हजार रू. प्रतिमाह के स्थान पर इसे बढ़ाकर पॉच हजार रू. प्रतिमाह किया जाये तथा कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 की राशि को महंगाई भत्ते के साथ जोड़कर भुगतान किया जाये तथा पेंशन धारकों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ भी दिया जायें। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार लगभग 78 लाख लोग कर्मचारी पेंशन स्कीम 1995 के तहत पेंशनभोगी है, अत: इन्हे राहत देना चाहिये।

## चिखली दारू भट्टी के विरोध में आज चक्का जाम

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भाजपा सरकार द्वारा चिखली पुलिस चौकी के समीप दारू भट्टी खोले जाने के विरोध में आज चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें चिखली, शांति नगर शिवनगर, ढाबा,दीनदयाल कॉलोनी, स्टेशनपारा, शंकरपुर, शिक्षक नगर एवं पटरी पार के समस्त माताएं बहनों और भाइयों से निवेदन है अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नशाखोरी और उससे होने वाले बलात्कार, मारपीट,चोरी और अनेक अपराध पर लगाम लगाने हेतु अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

## कवर्धा कांड के विरोध में आज कांग्रेस का छत्तीसगढ़ बंद

### दीपक बैज ने की बैठक, व्यापारियों-जनता से समर्थन की अपील

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा में हुई घटना के विरोध में कांग्रेस ने कल यानी की 21 सितंबर को छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया है। बंद को लेकर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने शुक्रवार को वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में तय किया गया है कि शनिवार को सभी नेता शांतिपूर्ण ढंग से अपने-अपने क्षेत्रों में बंद कराने निकलेंगे। बैज ने बैठक दौरान सभी सीनियर नेता, विधायक,पूर्व मंत्री, पूर्व विधायकों समेत पदाधिकारियों से कहा है कि वे अपने-अपने गृह जिले में रहें। वहां शांति पूर्ण तरीके से लोगों को बंद का समर्थन करने के लिए मनाए। छत्तीसगढ़ बंद का व्यापक असर पूरे प्रदेश में दिखना चाहिए। दीपक बैज ने प्रदेश के चैंबर ऑफ कॉमर्स समेत सभी व्यवसायी संगठनों को पत्र लिखा है, उन्होंने पत्र लिखकर कल कांग्रेस के बंद को




समर्थन देने की अपील की है। साथ ही सोशल मीडिया के जरिए उन्होंने प्रदेश की जनता से भी कल के बंद को समर्थन देने की मांग की है। बैज ने कहा राज्य में जब से भाजपा की सरकार बनी है, छत्तीसगढ़ का हर नागरिक असुरक्षित है, अब तो आपराधिक घटनाएं असहनीय हो चुकी है। व्यापारी, महिला, विद्यार्थी, आम आदमी सभी बिगड़ती कानून व्यवस्था से परेशान है। रोज-रोज हो रही हत्याओं, बलात्कार, लूट, डकैती, चाकूबाजी की घटना से प्रदेश में भय का माहौल है। पुलिस के सामने एक आदमी को उसके घर में जिंदा जला दिया जाता है, पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। पुलिस कस्टडी में ग्रामीण की मौत हो जाती है, उसके पूरे शरीर पर चोट के निशान है, कवर्धा के लोहारीडीह में अभी भी 3 से ज्यादा लोग लापता है। शुक्रवार को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स की बैठक में यह तय हुआ कि कांग्रेस के बंद को व्यापारी समर्थन नहीं देंगे। चेंबर ऑफ कॉमर्स की तरफ से कहा गया है कि इतने शॉर्ट नोटिस पर प्रदेश की दुकानों को बंद करवा पाना मुमकिन नहीं है। बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने चेम्बर के समर्थन नहीं देने से चेम्बर अध्यक्ष अमर पारवानी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि व्यापारी को बंद से भारी नुकसान उठाना पड़ता है। जिससे आने वाले 3 दिनों तक व्यापार खराब रहता है।

## प्रिंट मीडिया एंड वेब पोर्टल वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा झांकियों को किया गया पुरस्कार वितरण







**राजनांदगांव (नादगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव में आयोजित गणेश विसर्जन झांकी के दौरान प्रिंट मीडिया एंड वेब पोर्टल वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा उत्कृष्ट झांकी प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन की सराहना की और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। झांकियों की रचनात्मकता और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए। सम्मानित होने वाले मंडलों में बाल समाज मंडल गंज लाईन, महावीर मंडल सदर बाजार, गंज गणेश उत्सव समिति भारत माता चौक, नवरत्न मंडल रामाधीन मार्ग, त्रिशंव मंडल ब्राम्हण पारा, सुमती मंडल कामठी लाईन, आजाद युवा गणेश समिति आजाद चौक, सिद्धी विनायक समिति कामठी लाईन, नवीन आदर्श गोलबाजार, दुर्गा मंडल दुर्गा चौक, तिरंगा मंडल भरकापारा अशोक स्तम्भ चौक, माता देवालय सोनार पारा, सिद्धार्थ मंडल सारथी पारा, जनता कॉलोनी, बस स्टैंड कालीमाई मंदिर चौक भरकपारा, गण गणेश उत्सव समिति बाबा राम देव मंदिर राजनांदगांव, बाल समाज मित्र मंडल लखोली नाका, हॉट बाजार, बोल बम गणेश उत्सव समिति, नंदई युवा मंडल, उमंग मंडल हमाल पारा, बाल गणेश उत्सव समिति रामनगर, मोतीपुर युवा मंडल शामिल रहे। प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया और उनकी रचनात्मकता को सराहा गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष शेखर यादव, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सचिव तरुण सोनी, कोषाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, मीडिया प्रभारी विवेकानंद देवांगन, और अन्य पदाधिकारी उत्तम कोसरिया, प्रवीण यादव, आशीष साहू, नितिन हिरवेकर, संतोष सहारे एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्षानुसार 1 अक्टूबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के कल्याणार्थ कार्यरत शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं के सहयोग से वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह, कार्यशाला, सेमीनार, जागरूकता शिविरों सहित अन्य विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## कलेक्टर ने क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित मेले की तैयारी के संबंध में ली बैठक

### पेयजल, विद्युत, साफ-सफाई, पार्किंग, चिकित्सा, बेरिकेटिंग की व्यवस्था तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट के शक्तिकक्ष में मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में 3 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ हो रहे क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर आयोजित मेले की तैयारी के लिए बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर विधायक डोंगरगढ़ श्रीमती हर्षिता बघेल, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि मां बम्लेश्वरी मंदिर दर्शन करने बहुत दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है। प्रदेश के साथ ही अन्य राज्यों से यहां श्रद्धालु एवं पदयात्री नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन लाखों की संख्या में पहुंचते हैं। उन्होंने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि मां बम्लेश्वरी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों के लिए बेहतर तरीके से सेवा पंडाल एवं अच्छी व्यवस्था रहे। उन्होंने सेवा पंडाल संचालकों को पंडाल में श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने कहा। कलेक्टर ने कहा कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मेले में चाक-चौबंद व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने डोंगरगढ़ में दुकानदारों द्वारा पॉलीथीन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पेयजल की नियमित आपूर्ति करने, चिकित्सा व्यवस्था, विद्युत, साफ-सफाई व्यवस्था, बेरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था, शौचालय तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पदयात्री मार्ग में आवश्यकतानुसार सड़क



मरम्मत कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने पदयात्री मार्ग में बंद स्ट्रीट लाईटों की जांच कर चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने पदयात्री मार्ग में आने वाले पंचायतों में शौचालय एवं पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पदयात्रियों के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्थापित सभी सेवा केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयां, पट्टी एवं चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। पर्याप्त मात्रा में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने कहा। उन्होंने ऊपर मंदिर में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ट्रस्ट समिति से रोपवे का संचालन एवं मेंटेनेंस के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नवरात्रि शुरू होने के पहले रोपवे एवं मेला स्थल पर लगने वाले झूलों का फिटनेस सर्टिफिकेट एसडीएम डोंगरगढ़ एवं पुलिस विभाग को प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग एवं अन्य व्यवस्था के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। वाहनों की पार्किंग के लिए एक दर निर्धारित करने के निर्देश दिए। जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। उन्होंने होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं छोटे ठेले वालों द्वारा बेची जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता नियमित जांच करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर रूट चार्ट, पार्किंग एवं अन्य जरूरी बातों के संबंध में चर्चा की गई। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति, सेवा पंडाल संचालकों ने विभिन्न मुद्दों पर कलेक्टर से अपने सुझाव साझा किए। उन्होंने सभी विभागों को सौंपे गए कार्य के संबंध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि क्वांर नवरात्रि मेले में डोंगरगढ़ शहर में बहुत ज्यादा भीड़ रहती है। जिसको देखते हुए सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने सभी पार्किंग क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा लगाने कहा। जो पार्किंग के अंदर एवं बाहर जाने वाले स्थान पर रहना चाहिए। जिससे नजर रखा जा सकता है। उन्होंने मेला स्थल के अलावा अन्य जगहों पर भी सीसीटीवी कैमरा लगाने कहा। जिससे मॉनिटरिंग करने में आसानी जाएगी। माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल ने बताया कि रोपवे का नियमित मेंटेनेंस किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शीतल बंसल, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री मनोज मरकाम, मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री संजय श्रीवास्तव, सहमंत्री श्री बबलू शांडिल्य, ट्रस्टी श्री प्रकाश बिंदल, ट्रस्टी श्री अजय सिंह ठाकुर एवं सेवा पंडाल संचालक व संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

nandgaon times sep--21-04.qxd 9/20/2024 11:58 PM Page 2



# कलेक्टर ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

## कलेक्टर ग्राम रीवागहन, बरगा, इंदामरा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में हुए शामिल



**राजनांदगांव।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। नागरिकों में स्वच्छता के प्रति सोच लाने एवं सामूहिक रूप से अपने गांव व क्षेत्र को स्वच्छ रखने स्वच्छता ही सेवा अभियान मनाया जा रहा है। इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ मनाया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में 14 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 मनाया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे का ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन, इसके साथ ही स्वच्छाग्राही व सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन में किये गये कार्यों व उपलब्धियों को एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल आज ग्राम रीवागहन, बरगा, इंदामरा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। कलेक्टर श्री अग्रवाल स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में ग्रामीणों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि गांव की स्वच्छता के लिए आवश्यक है कि कचरों का प्रबंधन अच्छी तरह से किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम अपने घर को स्वच्छ रखते हैं वैसे ही हमारे गांव में भी साफ-सफाई रखने की जरूरत है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि घरों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करके निकालना होगा। उन्होंने ग्रामवासियों को गांव को स्वच्छ रखने और गंदगी से होने वाली समस्याओं और बीमारियों के बारे में बताया। उन्होंने सभी को साथ मिलकर गांव को स्वच्छ रखने का प्रयास करने कहा। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। जिससे आस-पास का वातावरण स्वच्छ और साफ-सुथरा रहे। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने ग्रामीणों से साफ-सफाई के संबंध में चर्चा कर कचरे के ढेरो की सफाई कर हमेशा के लिए ग्राम पंचायत को व्यवस्थित व सुंदर स्थल के रूप में स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायत बरगा में वाटर रिचार्ज के संबंध में महिलाओं से चर्चा की। उन्होंने पानी बचाने के लिए अपील की। उन्होंने ग्राम पंचायत इंदामरा



में स्कूल के पास कचरे के ढेर पाए जाने पर ग्रामीणों को गंदगी और अस्वच्छता से फैलने वाली बीमारियों और समस्याओं के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साफ-सुथरा गांव रहने से गांव में किसी प्रकार की बीमारी नहीं आती है। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के अमले को प्रत्येक ग्राम पंचायत में साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत सुश्री तनुजा मांझी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री मनीष साहू, सहायक विकास विस्तार अधिकारी श्री बलबीर सिंह तथा जनपद स्तर के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## विभिन्न आजीविका स्रोतों से जोड़कर लखपति दीदी बनाने की पहल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिला स्वसहायता समूह सदस्यों की सतत आय को बढ़ाने के लिए विभिन्न आजीविका स्रोतों से जोड़कर उन्हें लखपति दीदी बनाने की पहल की जा रही है। इसी क्रम में राजनांदगांव जिला अंतर्गत लखपति दीदी पहल के तहत ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र (आर-सेटी) बरगा राजनांदगांव में सभी संकुल के पदाधिकारियों, सीएलएफ सहायिकाओं एवं पीआरपी को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी विकासखण्ड अंतर्गत सभी 16 संकुल स्तरीय संगठनों के कुल 70 प्रतिभागी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण के दौरान प्रभिागियों को राजनांदगांव जिला अंतर्गत लखपति दीदी पहल के तहत चिन्हांकित संभावित लखपति दीदी को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोडने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक तथा आर-सेटी के अधिकारी उपस्थित रहे।





## इन्दामरा में बिजली गुल, ग्रामीण व किसान परेशान



**राजनांदगांव।** युवा कांग्रेस नेता ग्रामीण क्षेत्र से परमानंद वर्मा ने बताया कि गांव इन्दामरा में बिजली गुल एक बड़ी समस्या बन गई है आए दिन बिजली गुल होते हैं रहतीं हैं खासकर रात्रि के समय में बिजली गुल हो जाने के कारण आसपास के गांव के लोग काफी परेशान होते हैं श्री वर्मा ने बताया कि किसान खेत से काम कर जब अपने घर आता है तो चैन से सो नहीं पाता उन्होंने कहा है कि बिजली विभाग के बड़े अधिकारी इस दिशा मे मौन है आंखिर क्यूं अगर इस दिशा में मौन है आंखिर क्यूं अगर इस इस दिशा में बिजली विभाग के बड़े अधिकारी फोन करते हैं तो वो फोन अटेंड नहीं करते यदि उक्त समस्या जल्द ही ठीक नहीं होती है तो बिजली विभाग के बड़े अधिकारी का पुतला दहन कर आंदोलन किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन एवं प्रशासन की होगी।

## अंशकालीन योग व खेल शिक्षक-प्रशिक्षक के लिए 30 तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पीएमश्री योजना अंतर्गत राजनांदगांव जिले के कुल 7 प्राथमिक शालाओं में अंशकालीन योग व खेल शिक्षक-प्रशिक्षक की सेवाएं ली जाएगी। अंशकालीन योग व खेल शिक्षक-प्रशिक्षक की सेवाएं देने के इच्छुक अभ्यर्थी 30 सितम्बर 2024 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। अंशकालीन योग व खेल शिक्षक-प्रशिक्षक की सेवाएं के लिए न्यूनतम स्नातक शारीरिक शिक्षा डिग्री या शारीरिक शिक्षा संबंधित क्षेत्र में स्नातक की डिग्री प्राप्त तथा योग प्रशिक्षक हेतु योग से संबंधित प्रमाण पत्र अथवा समकक्ष योग्यता प्राप्त एवं पूर्व में योग प्रशिक्षण व योग सिखाने का अनुभव प्राप्त आवेदकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। निर्धारित आवेदन पत्र का प्रारूप एवं इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा राजनांदगांव के कक्ष क्रमांक 112 से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

## डोंगरगांव के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 7 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि योजना अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों के लिए 7 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिसके अंतर्गत ग्राम बीजाभाठा में विश्वकर्मा सामुदायिक भवन के पास टाईल्स कार्य के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम नाथूनवागांव में स्कूल भवन में टाईल्स कार्य के लिए 2 लाख रूपए, ग्राम चिद्दों में मंच पर टाईल्स कार्य के लिए 1 लाख रूपए, ग्राम माथलडबरी में मंच पर टाईल्स कार्य के लिए 50 हजार रूपए, ग्राम आसरा में निषाद पारा सामुदायिक भवन में शेड निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रूपए, ग्राम माथलडबरी में शीतला पारा भवन में टाईल्स कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रूपए एवं ग्राम मचानपार में यादव पारा मंच पर टाईल्स कार्य के लिए 1 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

**शुभांक**

**2-4-8**

**245-1 148-3**

**भाग्यांक**

**235-0 350-8**


### कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव ( छ.ग. )

// निविदा सूचना//

क्र.755/निविदा/लोक/2024-25 राजनांदगांव, दिनांक 19.09.2024

नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा निम्न कार्य हेतु पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में आमंत्रित की जाती है:-

| क्रं | कार्य का नाम | लागत राशि लाख रू. में |
|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 |
| 1 | पार्षद निधि से वार्ड क्रं.28 में गार्डन चेयर लगाये जाने बाबत | 1.00 |
| 2 | पार्षद निधि से वार्ड क्रं 11 भवन में नई सुविधा एवं व्यवस्था कार्य | 1.00 |
| 3 | पार्षद निधि से वार्ड क्रं 21 में सामुदायिक भवन मरम्मत | 2.00 |
| 4 | पार्षद निधि से वार्ड क्रं 24 में टीन शेड निर्माण कार्य | 3.00 |
| 5 | पार्षद निधि से वार्ड क्रं 24 में नाली निर्माण कार्य | 3.00 |
| 6 | पार्षद निधि से वार्ड क्रं 28 में सांस्कृतिक भवन मरम्मत कार्य | 2.00 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं वेबसाइट www.mcrjn.com & http:www.uad.cg.gov.in से प्राप्त कि जा सकती है।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव


# शिक्षिका सीमा शर्मा को महरूम कला वालो ने सम्मान सहित विदाई दिए

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खैरागढ़ ब्लाक के ग्राम महरूम कला वालो ने अपने चहेती शिक्षिका सीमा शर्मा को आज दिनांक 19/9/24 को भाव भीनी और सम्मान के साथ विदाई दिए।ग्राम महरूम कला प्राथमिक शाला की सहायक शिक्षिका श्री मती सीमा शर्मा का विगत दिनों प्रधान पाठक पद मे प्रमोशन हो जाने के कारण बहुत ही भारी मन से ग्राम के पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला के ग्राउंड मे विदाई समारोह का आयोजन कर सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारम्भ मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर पूजा अर्चना किया गया तत्पश्चात संकुल समन्वयक श्री बैन दास साहू ने श्री मती सीमा शर्मा के शिक्षकीय जीवन पर प्रकाश ड़ालते हुए उनके टिचिंग कला के बारे मे गांव वालो को बताया गया कि किस तरह अल्प समय मे ही श्रीमती सीमा शर्मा को बच्चे अपना आइडल मानते थे और उनसे स्नेह करते थे। आज के इस विदाई सह सम्मान समारोह मे समस्त ग्रामवासियों और मिडिल स्कूल और प्राथमिक स्कूल के समस्त शिक्षकों ने श्रीमती सीमा शर्मा के योगदान को अतुलनीय बताया. ग्रामवासी मे एस.एम.सी. की उपाध्यक्ष श्रीमती योगेश्वरी वर्मा ने कहा कि शर्मा मैडम का प्रमोशन हुआ है इसलिए हम लोग जाने दे रहे है अगर ट्रांसफर हुआ



रहता तो पुरे ग्रामवासी के द्वारा प्रयास करके उनके ट्रांसफर को रुकवा देते।आज विदाई समारोह मे श्री मती सीमा शर्मा को ग्रामवासियों ने कोई साड़ी भेंट किये कोई शाल भेट किये, कोई फूल कोई और बहुत से बच्चे लोग हस्तलिखित ग्रीटिंग कार्ड बनाकर रोते हुए भेंट किया.ये अवसर देखने लायक़ था कोई शिक्षिका के विदाई का यह पहला अवसर था जहाँ गांव वालो और समस्त शिक्षकों और बच्चों के आँखों से विदाई देते समय आंसू छलक रहें थे। विदाई समारोह मे पंचायत प्रतिनिधि श्री ललित चौपड़ा जी ने सीमा शर्मा के व्यवहार की तारीफ़ करते हुए कहाँ कि ऐसी शिक्षिका बिरले ही मिलते है। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे जिनमे श्री मती गौरी वर्मा, भारती गुप्ता, पिलेश्वरी साहू, गिरिजा वर्मा, तारा बाई वर्मा, सरिता कन्नौजे, उषा यादव, धनेश्वरी वर्मा, हेमा वर्मा, राजेंद्र गेंडरे, मनहरण वर्मा, दानी राम वर्मा, आदि ग्राम प्रमुख और पालक गण के साथ ही साथ मिडिल स्कूल महरूम कला के प्रधान पाठक श्री श्रीवास्तव सर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गोवेर्धन लाल सेन, डिलेश्वर साहू, मनीष पाली, जितेन्द्र बघेल, गौतम लहरे, महिपाल साहू, अंजू चंद्राकर, श्री मती ममता उइके सहित समस्त मिडिल हुए प्रायमारी के बच्चों ने श्री मती सीमा शर्मा को नम आँखों से विदाई दिए।इस अवसर पर सरपंच महोदय ने छुईखदान ब्लाक के खैरबना मे प्रधान पाठक बनने पर अपनी शुभकामनायें दी है।

## एक आशियाना हो अपनासच हुआ खुशियों का सपना....

### प्रधानमंत्री आवास योजना आम जनता के दिल से जुड़ी योजना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** हर व्यक्ति की यह ख्याहिश होती है कि उसका अपना एक घर हो। जिंदगी भर की जमा-पूंजी लगाकर लोग अपना एक पक्का मकान बनाना चाहते हैं, लेकिन कई आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के परिवार के अपना मकान बनाने के सपने अधूरे ही रह जाते हैं। आम जनता को इन्हीं सपनों को हकीकत में बदलने का हौसला मिला है, प्रधानमंत्री आवास योजना से।



ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी सच्चाई से रूबरू कराती इस योजना के तहत हितग्राही लाभन्वित हो रहे हैं, जिसमें अब ग्रामों में कमजोर वर्ग के परिवारों के पक्के मकान दिखाई देने लगे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले हर ग्रामीण एवं शहरी परिवार को अपना खुद का घर मिल सके ऐसे लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हर गरीब एवं बेघर परिवार के पास पक्का आवास के लक्ष्य को लगभग पूरा किया जा रहा है। इस योजना ने न केवल जनसामान्य का जीवन स्तर बढ़ा दिया है, बल्कि उनके जीवन को सकारात्मक दिशा भी दी है। बुनियादी जरूरतों के पूरा होने से विकास की राहें खुलती हैं। आम जनता के दिल से जुड़ी प्रधानमंत्री आवास योजना के बहुत मायने हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, जागरूकता जैसे बहुत से आयामों से यह जुड़ी है।राजनांदगांव जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 तक लक्ष्य 27442 प्रदान किया गया था। प्रदान किए गए लक्ष्यानुसार आवासों की स्वीकृति प्रदान किया जा चुके हैं। स्वीकृत आवासों के अनुरूप अब तक 27003 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं और शेष 439 आवासों को जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024-25 अंतर्गत 21826 आवास स्वीकृत हेतु लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिसमें से अब तक 12615 आवासों की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। शेष आवासों के लिए हितग्राहियों का पंजीयन करते हुए अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान कर दिया जाएगा।

## विवादित प्रभारी डी.ईओं एल.पी. पटेल को हटाने के मांग को लेकर छात्र समुदाय उतरे सड़क पर



**सारंगढ़।** बिलाईढ़ जिले के सबसे विवादित प्राचार्य व सेक्स काड में संलिप्त डी.ईओं एल.पी.पटेल को हटाने के लिए, छात्रो द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रर्दशन विगत दिनो में किया गया था जिसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने के करना से विरोध की इसी कड़ी में , इन्हें जिला शिक्षा अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पद से हटाने हेतु, तथा इनके मूल पद प्रार्चाय शा.उ.मा.विद्यालय धनसीर विकास खण्ड. बिलाईगढ़ के पद पर वापस करने के लिए सारंगढ़ के छात्र छात्राओं एवं पूर्व छात्रों के द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया एवं माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नाम पर अनूविभागी अधिकारी सारंगढ़ को ज्ञापन सौप कर प्रदर्शन को विराम दिया गया, धरना प्रदर्शन स्थल में मौके पर तहसीलदार सारंगढ़ व थाना प्रभारी सारंगढ़ के उपस्थिति में ज्ञापन सौप गया और विवादित डीईओ एल पी पटेल को तत्काल हटाने की मांग किया, जिसमे ज्ञापन सौपने वालो में गुलशन अरिह्ले, अशुतोष गोस्वामी, ओमकार मल्होत्रा, तेजेश्वर, रामाधार, सचिन, मोहन साय , विकास यादव, सरद कुमार, खेमराज, मोक्ष , विकास, किशन सम्मत बडी संख्या में पूर्व व र्वतमान छात्र उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत विविध आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 में स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर में साफ सफाई के अलावा विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है। जिसके तहत आज निगम सीमाक्षेत्र के स्कूलों में विद्यार्थियों को स्वच्छता अपनाने जानकारी देकर, उनके लिये विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें उन्होंने बढ चढ कर हिस्सा लिया। स्वच्छता पखवाड़ा में शासन द्वारा निर्धारित गतिविधिया संचालित करने के लिये आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौपा है। आज ठा.प्यारेलाल स्कूल एवं आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के अलावा अन्य स्कूलों में विद्यार्थियों के लिये स्वच्छता संबंधित स्वच्छ इंटर स्कूल प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें निबंध, चित्रकला, रंगोली, वेस्ट टू आर्ट प्रतिस्पर्धा में विद्यार्थियों ने बढ चढ कर हिस्सा लेकर



अपनी कला का प्रदर्शन किये। विद्यार्थियों को साबुन से हाथ धुलाई , गिला व सूखा कचरा की पहचान करने, बताया गया, विद्यार्थियों ने जहॉ एक ओर स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने रंगोली एवं चित्रकारी के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया, वही स्कूल की वेस्ट समाग्री से आर्ट बनाया। निगम के उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, श्रीमती ज्योति साहू, सुश्री सुषमा साहू, सुश्री आयुषी सिंह, श्री डागेश्वर कर्ष, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री संजीव मिश्रा, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी श्री पवन कुर्रे, जिला समन्वयक श्री कीर्तन साहू व देवेश साहू ने स्कूलों में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित करने महती भूमिका निभाई। शाला के प्राचार्यो ने स्वच्छता अपनाने, घर के आस पास साफ सफाई रखने, गिला व सुखा कचरा पृथक पृथक करने, झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने विद्यार्थियों को शपथ दिलायी।

## बंद पड़े खदान में केज कल्चर की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी होगा मछली पालन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में हो रहे खदानों में मछलीपालन कार्य अब महाराष्ट्र के किसानों को खूब भा रही है। यहां जोरातराई मनगटा क्षेत्र के बंद पड़े खदानों में केज लगाकर किए जा रहे मछलीपालन का जायजा लेने महाराष्ट्र के अधिकारी एवं 14 मत्स्य पालक पहुंचे। 16 सदस्यीय दल ने केज में मत्स्यपालन की बारीकियों को जाना, साथ ही खदानों में हो रहे केज कल्चर की तर्ज पर महाराष्ट्र में भी मत्स्यपालन को अपनाने पर जोर दिया। शासन द्वारा मत्स्यपालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत जोरातराई में बंद पड़ी खदानों में केज कल्चर किया जा रहा है। कृषकों के दल ने



खदान में हो रहे केज विधि के साथ-साथ देश के एकमात्र आधुनिक तकनीक से स्थापित एबीस फिश फिड मिल का संचालन कार्य को भी देखा एवं इसकी प्रशंसा की। किसानों को एबीस ग्रुप द्वारा मत्स्यपालन की 1 दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे केज कल्चर के माध्यम से मछलीपालन कार्य की तकनीकी जानकारी दी गयी। साथ ही मछली आहार का उपयोग एवं मछली बीज के संचयन संबंधी जानकारी एबीस ग्रुप द्वारा किसानों को विस्तार से प्रदाय की गई। ाजनांदगांव विकासखंड के जोरातराई के बंद पड़े खदान में हो रहे मत्स्यपालन पूरे देश के लिए रोल मॉडल बन गया है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत-रानीतराई**
**जनपद पंचायत,छ.ग. व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**
क्र.:- /ग्रा.पं.रानीतराई/2024 दिनांक

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रानीतराई के सोसायटी में वर्ष 2022-23 15वें वित्त जनपद स्तर मद से वाटर फिल्टर राशि 93,000/- (तिरानवे हजार रूपये) का क्रय किया जाना प्रस्तावित है, संबंधित फर्म अपनी निविदा दर बंद लिफाफे में निविदा 07 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें।

निविदा से संबंधित विवरण कार्यालय के कार्यालीन समय में देखी जा सकती है।

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत रानीतराई
जनपद व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202406090100003/-21**

विषयः- अ-21 (1). मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
बनभेड़ी (प ह न. 00034),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - श्री खेतहा राम,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री खेतहा राम आ. दशरथ राम, जाति गोड़. निवासी ग्राम दनिया, तहसील छुईखदान, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई द्वारा स्वयं के नाम की ग्राम बनभेड़ी, प.ह.नं. 34. रा.नि.मं. अर्जुनी. तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि कुल खसरा नं. 08 कुल रकबा 3.2270 हे. भूमि को निवास स्थान से दूर होने के कारण समय-समय पर कृषि कार्य करने हेतु जाने में असमर्थ होने के कारण तथा निवास हेतु नया पक्का मकान बनाने हेतु रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु भू-राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत् आवेदन पत्र मय दस्तावेज के प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26/9/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/09/2024 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगांव

## ज्ञान मंथन

*1) भारतीय रेलवे का सबसे लम्बा रेलवे पुल कौन-सा है?*

*2) भारत का सबसे गहरा बंदरगाह कौन-सा है?*

*3) मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किस तिथि को तबला दिवस घोषित किया गया है?*

*4) हाल ही में अयोध्या रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर क्या रखा गया है?*

*5) 85वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2023 में पुरुष एकल का खिताब हाल ही में किसने जीता है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) बोगीबील ब्रिज, ब्रह्मपुत्र नदी, असम (2) विशाखापत्तनम (3) 25 दिसम्बर (4) अयोध्या धाम जंक्शन (5) चिराग सेन

# अन्य पिछड़ा वर्ग को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक मिले लाभ : आरएस विश्वकर्मा

## छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष ने ली जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री आरएस विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के सदस्य श्री हरिशंकर यादव, श्री बलदाऊराम साहू, श्रीमती शैलेन्द्री परगनिहा एवं कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री आरएस विश्वकर्मा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग गठन किया गया है। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार यह आयोग राज्य शासन द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति का विश्लेषण करते हुए शासन की अनुशंसा करेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं का कौशल विकास करते हुए रोजगार के माध्यम से जीवन स्तर उन्नयन करने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है। शासकीय सेवा में, त्रि-स्तरीय पंचायती एवं नगरीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी का विश्लेषण करते हुए शासन को अनुशंसा की जानी है। उन्होंने बताया कि कई राज्यों में आरक्षण की व्यवस्था में ऐसा पाया गया है कि अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या ज्यादा है तथा आरक्षण कम है। अन्य पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या के अनुपात में रोस्टर तैयार किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता देते हुए इस कार्य को करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वे के लिए जिले के सभी कलेक्टर को सर्वे फार्म उपलब्ध कराया गया है। इन आंकड़ों के प्राप्त होने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ मिल सके और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की दिशा में कार्य करें। समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों बाल विवाह, दहेज प्रथा, मद्यपान को दूर करने के लिए कार्य करना है तथा समाज को जागरूक बनाना है। उन्होंने कहा कि अन्य



पिछड़ा वर्ग के प्रति संवेदनशीलता के साथ उन्हें शासन की योजनाओं में तथा विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी दिलाने के लिए कार्य करने की जरूरत है।कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वे के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। अब तक 88 प्रतिशत सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। राशन कार्ड के आधार पर तथा डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है। समय पर अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष के मार्गदर्शन के अनुरूप समाज में संवेदनशीलता के साथ कमजोर वर्ग के जीवन स्तर के उन्नयन के लिए हरसंभव कार्य करेंगे। उन्होंने जिले के भौगोलिक एवं प्रशासनिक संरचना के संबंध में जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने शासन की योजनाओं के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के तहत 80 हजार, वन स्टॉप फैसिलिटी सेंटर परियोजना के तहत 304, स्टार्टअप विलेज इंटरप्रिन्योरशिप प्रोग्राम के तहत 1101 एवं महात्मा गांधी नरेगा के तहत 1174 अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी लाभान्वित हुए है। अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर ने बताया कि राजस्व विभाग अंतर्गत कक्षा 6वीं से 12वीं में अध्ययनरत अन्य पिछड़ा वर्ग के 8209 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र, 10147 निवास प्रमाण पत्र एवं 2985 आय प्रमाण पत्र शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जारी किए गए है। वहीं 30072 विद्यार्थियों के पास जाति प्रमाण पत्र, 30633 विद्यार्थियों के पास निवास प्रमाण पत्र एवं 38685 विद्यार्थियों के पास आय प्रमाण पत्र पहले से था। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि नगरीय निकायों में 70 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा विभिन्न पेंशन योजनाओं से 7185 अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को लाभ दिया जा रहा है। आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग सुश्री दीक्षा गुप्ता ने बताया कि छात्रवृत्ति का भुगतान कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों को 1500 रूपए के मान से किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 8521, आइलाईन शिष्यवृत्ति के तहत 142 एवं वर्ष 2024-25 में अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 23, वन अधिकार पत्रों का वितरण से 1386 अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि आश्रम एवं छात्रावासों में अन्य पिछड़ा वर्ग के 10 प्रतिशत का आरक्षण का प्रावधान है। जिसके अनुरूप व्यवस्था की जा रही है। उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डे ने बताया कि विभिन्न योजनाओं के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग के 7630 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 151568 हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है। श्रम विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल की विभिन्न योजनाओं से 99422 व छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल की विभिन्न योजनाओं से 13355 अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया गया है।

## पोष्ट मेट्रीक आदिवासी बालक छात्रावास राजनांदगांव में छात्रसंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 22 को

**सांसद, खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव सहित अन्य अतिथि होंगे शामिल**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय पोष्ट मेट्रीक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव में छात्रसंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा छात्रसंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक श्री चन्द्रेश ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा क्षेत्र के राजनांदगांव के सांसद श्री संतोष पांडे उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष श्री खूबचंद पारख करेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव सहित कलेक्टर जिला-राजनांदगांव श्री संजय अग्रवाल, सेवानिवृत्त पुलिस उप महानिरीक्षक श्री आर.एस.नायक, श्री डी.आर. आचला, पुलिस अधीक्षक रेल (छत्तीसगढ़) श्री जे.आर. ठाकुर, पुलिस अधीक्षक जिला बालोद श्री एस.आर. भगत, वन मंडलाधिकारी जिला-बालोद श्री बीएस.सरोटे, वित्त नियंत्रक (छत्तीसगढ़ शासन) श्री तिलक शोरी, मुख्य अभियन्ता मर्चेन्ट नेवी श्री हीरे सिंह धावड़े, अधीक्षण अभियन्ता लोकनिर्माण विभाग श्री एच.आर. ध्रुव, केन्द्रीय महासचिव गोंडवाना समाज श्री नीलकण्ठ गढ़े, वरिष्ठ सर्जन डॉ. आरएन नेताम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता, पार्षद कौरीनभांठा श्रीमती टुमेश्वरी उईके, पार्षद रेवाडीह श्री गामेन्द्र नेताम, पूर्व पार्षद श्री मुकेश ध्रुव, उपायुक्त आबकारी विभाग श्री नोहर सिंह ठाकुर, कार्यपालन अभियन्ता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना श्री आर.आर. खरे, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अजाक्स डॉ. के.एल. टाण्डेकर, गोंडवाना समाज के पूर्व संभागीय अध्यक्ष श्री जगत सलामे, जिला संरक्षक अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ श्री सी.एल. चन्द्रवंशी एवं श्री विष्णुदेव ठाकुर, श्री मुकेश ठाकुर, डॉ. बीएल कुमरे, डॉ. यूआर चंद्रवंशी, डॉ. पुष्पेन्द्र नरेटी, डॉ. बंशी तुलावी अन्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। छात्रावास के अधीक्षक श्री पुरेन्द्र महिलांगे, एलुमनी के अध्यक्ष श्री अरविन्द गोटे, नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री कैरल्स कोठारी, उपाध्यक्ष श्री गोपाल धुर्वे, सचिव श्री सुभाष शोरी, सहसचिव श्री प्रफुल्ल मंडावी सहित वरिष्ठ छात्र श्री लालदेव तारम, श्री पवन तुलावी, श्री ओमप्रकाश मेरावी, श्री भुपेन्द्र मंडावी, श्री पुरूषोत्तम मंडावी, धरमु किरंगे, श्री राजेन्द्र कोला, श्री रायसिंह कोटपरिया, श्री लखन शोरी, श्री महेश पडोटी सहित सभी छात्रावासी छात्रों ने नगर के गणमान्य नागरिकों छात्रावासी विद्यार्थियों एवं स्वाजातीय जनों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान करने की अपील की है।

## विजय मिश्रा की किताब 'कल्लू कुकुर के पावर' का विमोचन






**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' की किताब 'कल्लू कुकुर के पावर' का विमोचन 22 सितंबर 24 दिन रविवार को प्रेस क्लब मोती बाग के सभागार में शाम 4 बजे होगा। विजय मिश्रा के इस छत्तीसगढ़ी हास्य व्यंग संग्रह का विमोचन सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार रामेश्वर वैष्णव, वरिष्ठ भाषाविद डॉ चितरंजन कर, वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज, डॉ सुधीर शर्मा, प्रेस क्लब अध्यक्ष, प्रफुल्ल ठाकुर, प्रेस क्लब महासचिव वैभव शिव पांडे के करकमलों होगा।छत्तीस छटा लोक- साहित्य कला परिषद के इस आयोजन में साहित्यकारों की बड़ी बिरादरी शामिल होगी।

## मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता का आधार है : राज्य निर्वाचन आयुक्त



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने स्थानीय निकायों के निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली प्रेक्षकों की ब्रीफिंग में कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव की पारदर्शिता और निष्पक्षता का आधार है। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन नामावली को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए आज विशेष ब्रीफिंग का आयोजन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य नामावली में संभावित त्रुटियों को दूर करना और सभी योग्य मतदाताओं के नाम सूची में दर्ज करना है ताकि चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से आयोजित हो सके। आयुक्त श्री अजय सिंह ने निर्धारित समय सीमा में मतदाता सूची शुद्ध एवं त्रुटि पूर्ण बनाने की निर्देश दिए। आयुक्त श्री अजय सिंह ने सभी प्रेक्षकों से कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में ई आर ओ तथा ए ई आर ओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का समय पर निरीक्षण करते रहें और यदि आपको आवंटित जिले में पुनरीक्षण कार्यक्रम में किसी भी चरण में जिले में नियमों, निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है तो इसकी सूचना संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी तथा आयोग को तत्काल प्रदान कर समाधान प्राप्त करें। ब्रीफिंग में निर्वाचक प्रेक्षकों को निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी अहम भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रेक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे मतदाता सूची की जांच और सुधार प्रक्रिया में पूरी सतर्कता बरतें।

## बंगाली समिति द्वारा दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन

**राजनांदगांव।** बंगाली समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कालीबाड़ी मंदिर परिसर, केसर नगर में भव्य दुर्गा पुजा का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु दुर्गा पुजा आयोजन कमेटी का गठन किया गया। कमेटी एवं समाज के गणमान्य सदस्यों द्वारा पुजा को भव्य साज-सज्जा के साथ मनाने एवं प्रतिदिन एवं रात्रि में अन्न भोग तथा प्रसाद के वितरण किये जाने का निर्णय लिया गया। कमेटी के अध्यक्ष पद पर आनंद विश्वास, सचिव प्रदीप रॉय, कोषाध्यक्ष प्रदीप बोस, सहसचिव समीर साहा, पार्थो रॉय, सतदल पात्रो एवं भास्कर पाल के अलावा अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया।

## मद्य व नशा निषेध सप्ताह 2 से 8 अक्टूबर तक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्यपान, अन्य मादक द्रव्यों, पदार्थों तथा नशीली दवाओं के दुरूपयोग की रोकथाम हेतु समुदाय में व्यापक जनमत विकसित करने के उद्देश्य से 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2024 तक मद्य व नशा निषेध सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। मद्य व नशा निषेध सप्ताह के दौरान नशामुक्ति के पक्ष में रैली, नुक्कड़ सभाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नशापान नहीं करने का संकल्प एवं शपथ सहित अन्य जागरूक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

## निधन



**कमल किशोर सोरी**

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 कालेज रोड़ डोंगरगांव निवासी होटल व्यवसायी कमल किशोर सोरी 41 वर्ष का निधन 19 सितंबर को निधन हो गया उनके एक पुत्र और एक पुत्री है उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम में मोहल्लेवासी सामाजिक बंधु शामिल हुए थे।

# श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ का, शीतकालीन सत्र रणनीति तैयार - प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी

**राजनांदगबांव( नांदगांव टाइम्स)।** वनविभाग के श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने बताया कि वनविभाग का प्रथम श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ है। जो वनविभाग के बिना नियुक्ति पत्र वाले पूर्णकालिक राज्य योजना के, बिना बिचौलिए (ठेकेदार) के सीधे विभाग से वेतन लेने वाले दैनिक मासिक श्रमिकों के लिए निरंतर संघर्ष करेगा। श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ आगामी तीन माह की योजना बनाकर चरणबद्ध श्रमायुक्त दर के श्रमिकों के लिए संघर्ष करेगा। आगामी शीतकालीन सत्र में विधानसभा प्रश्न विधायकों के माध्यम से लगाकर, वनविभाग में कार्यरत बिना नियुक्ति पत्र, पूर्णकालिक राज्य योजना के श्रमायुक्त दर के श्रमिकों की संख्या, अंशकालिक श्रमिकों की संख्या,जांबदर श्रमिकों की संख्या, मानदेय श्रमिकों की संख्या पृथक-पृथक मांगेगा। नियुक्ति पत्र धारक कलेक्टर दर पूर्णकालिक राज्य योजना के दैनिक वेतन भोगियों की संख्या की जानकारी भी मांगी जाएगी। हारुन मानिकपुरी ने बताया कि तत्कालीन मुख्य सचिव श्री विवेक ढांड के द्वारा वर्ष 2016 में आकस्मिक श्रमायुक्त दर श्रमिकों के लिए ईपीएफ कटौती का जो प्रावधान नियम बनाया गया है। उसके अंतर्गत वनविभाग के पात्र दैनिक मासिक श्रमिकों के लिए रायपुर क्षेत्रीय भविष्य निधि कार्यलय में अपील करेंगे। निहारिका बारिक कमेटी में वनविभाग के श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ की तरफ से सदस्य बनाने का दावा प्रस्तुत करेंगे। दो पदाधिकारियों के शामिल करने का ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री, एवं सभी मंत्रियो को सौंपा जाएगा। वनविभाग के श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ सिर्फएक



सुत्रीय मांग मध्यप्रदेश की भांति स्थाईकरण योजना में भी औद्योगिक अधिनियम के अंतर्गत बनाने की मांग रखेंगे। श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ में चन्दा वसूली एवं वार्षिक शुल्क, सदस्य शुल्क मुक्त होगा। पारदर्शी तरीके से वनविभाग के श्रमायुक्त दर वन कर्मचारियों को संगठित करके निरंतर परामर्श कर जो सर्व हितकारी होगा, कानूनी संवैधानिक और बजट के दृष्टिकोण में उचित होगा उस दिशा में कार्य करेंगे। वनविभाग में जैसे ही ईपीएफ कटौती विभाग से सीधे वेतन लेने वाले श्रमिकों का प्रारंभ होगा उसके एक वर्ष बाद श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ उच्च न्यायालय बिलासपुर में औद्योगिक अधिनियम के अंतर्गत विभाग में स्थाईकरण की मांग को लेकर अपील करेंगे। अपील के साथ साथ सरकार के समक्ष भी निरंतर स्थाईकरण के राजनैतिक समाधान के लिए श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ ज्ञापन,भेंट मुलाकात करता रहेगा। और सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय लेने पर संघ द्वारा की गई अपील वापस लेकर स्थाईकरण का लाभ लिया जाएगा। श्रमायुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने नया संघ बनाने की मजबूरी के विषय में बताया कि छत्तीसगढ़ में 18 प्रकार के अलग-अलग अनियमित कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों संगठन होने के कारण अपने के श्रमायुक्त दर के कर्मचारियों के हित में उचित और जल्द समाधान के लिए संगठन बनाना पड़ा ताकि अपनी स्पष्ट पहचान व क्षेणी (प्रकार ) अनुसार मांग रखने पर ही लक्ष्य मिल सकता है। उन्होंने 1998 से 2024 तक के लगभग 26 वर्ष में गलत प्रकार से एवं गलत पहचान बनाकर मांग में स्वयं के संघर्ष में समय बर्बाद करने पर दुख भी होने की बात कही।

## धर्म समाचार....

# पितरों की मुक्ति के लिए उत्तम है इंदिरा एकादशी, जरूर करें इस चालीसा का पाठ




हिंदू धर्म में एकादशी तिथि को विशेष महत्व दिया जाता है। कई साधक इस तिथि पर भगवान विष्णु के निमित्त व्रत भी करते हैं जिसका पुण्य फल प्राप्त होता है। वहीं श्राद्ध पक्ष के दौरान आने वाली एकादशी को इंदिरा एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन लोग अपने पूर्वजों को विधि-विधान के अनुसार तर्पण देते हैं।

पंचांग के अनुसार, आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी इंदिरा एकादशी का व्रत किया जाता है। ऐसे में इस बार इंदिरा एकादशी का व्रत 28 सितंबर को किया जाएगा। पितृ पक्ष में आने के कारण इस एकादशी को विशेष महत्व दिया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस तिथि पर जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने से पितरों को मुक्ति मिल सकती है। ऐसे में आप श्राद्ध पक्ष की एकादशी पर पितृ चालीसा का पाठ कर पितरों का भी आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। आइए पढ़ते हैं पितृ चालीसा।


**''पितृ चालीसा''**

**।।दोहा।।**

हे पितरेश्वर आपको दे दो आशीर्वाद,
चरण शीश नवा दियो रख दो सिर पर हाथ।
सबसे पहले गणपत पाछे घर का देव मनावा जी।
हे पितरेश्वर दया राखियो,करियो मन की चाया जी।।

**चौपाई**

पितरेश्वर करो मार्ग उजागर,
चरण रज की मुक्ति सागर ।
परम उपकार पित्तरेश्वर कीन्हा,
मनुष्य योणि में जन्म दीन्हा ।
मातृ-पितृ देव मन जो भावे,
सोई अमित जीवन फल पावे ।
जै-जै-जै पितर जी साईं,
पितृ ऋण बिन मुक्ति नाहिं ।
चारों ओर प्रताप तुम्हारा,
संकट में तेरा ही सहारा ।
नारायण आधार सृष्टि का,
पित्तरजी अंश उसी दृष्टि का ।
प्रथम पूजन प्रभु आज्ञा सुनाते,
भाग्य द्वार आप ही खुलवाते ।
झुंझुनू में दरबार है साजे,
सब देवों संग आप विराजे ।
प्रसन्न होय मनवांछित फल दीन्हा,
कुपित होय बुद्धि हर लीन्हा ।
पित्तर महिमा सबसे न्यारी,
जिसका गुणगावे नर नारी ।
तीन मण्ड में आप बिराजे,
बसु रुद्र आदित्य में साजे ।
नाथ सकल संपदा तुम्हारी,
मैं सेवक समेत सुत नारी ।
छप्पन भोग नहीं हैं भाते,
शुद्ध जल से ही तृप्त हो जाते ।
तुम्हारे भजन परम हितकारी,
छोटे बड़े सभी अधिकारी ।
भानु उदय संग आप पुजावै,
पांच अँजुलि जल रिझावे ।
ध्वज पताका मण्ड पे है साजे,
अखण्ड ज्योति में आप विराजे ।
सदियों पुरानी ज्योति तुम्हारी,
धन्य हुई जन्म भूमि हमारी ।



शहीद हमारे यहाँ पुजाते,
मातृ भक्ति संदेश सुनाते ।
जगत पित्तरो सिद्धान्त हमारा,
धर्म जाति का नहीं है नारा ।
हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई
सब पूजे पित्तर भाई ।
हिन्दू वंश वृक्ष है हमारा,
जान से ज्यादा हमको प्यारा ।
गंगा ये मरुप्रदेश की,
पितृ तर्पण अनिवार्य परिवेश की ।
बन्धु छोड़ ना इनके चरणाँ,
इन्हीं की कृपा से मिले प्रभु शरणा ।
चौदस को जागरण करवाते,
अमावस को हम धोक लगाते ।
जात जडूला सभी मनाते,
नान्दीमुख श्राद्ध सभी करवाते ।
धन्य जन्म भूमि का वो फूल है,
जिसे पितृ मण्डल की मिली धूल है ।
श्री पित्तर जी भक्त हितकारी,
सुन लीजे प्रभु अरज हमारी ।
निशिदिन ध्यान धरे जो कोई,
ता सम भक्त और नहीं कोई ।
तुम अनाथ के नाथ सहाई,
दीनन के हो तुम सदा सहाई ।
चारिक वेद प्रभु के साखी,
तुम भक्तन की लज्जा राखी ।
नाम तुम्हारो लेत जो कोई,
ता सम धन्य और नहीं कोई ।
जो तुम्हारे नित पाँव पलोटत,
नवों सिद्धि चरणा में लोटत ।
सिद्धि तुम्हारी सब मंगलकारी,
जो तुम पे जावे बलिहारी ।
जो तुम्हारे चरणा चित्त लावे,
ताकी मुक्ति अवसी हो जावे ।
सत्य भजन तुम्हारो जो गावे,
सो निश्चय चारों फल पावे ।
तुमहिं देव कुलदेव हमारे,
तुम्हीं गुरुदेव प्राण से प्यारे ।
सत्य आस मन में जो होई,
मनवांछित फल पावें सोई ।
तुम्हरी महिमा बुद्धि बड़ाई,
शेष सहस्त्र मुख सके न गाई ।
मैं अतिदीन मलीन दुखारी,
करहुं कौन विधि विनय तुम्हारी ।
अब पितर जी दया दीन पर कीजै,
अपनी भक्ति शक्ति कछु दीजै ।

**दोहा**

पित्तरों को स्थान दो, तीरथ और स्वयं ग्राम ।
श्रद्धा सुमन चढ़ें वहां, पूरण हो सब काम ।
झुंझनू धाम विराजे हैं, पित्तर हमारे महान ।
दर्शन से जीवन सफल हो, पूजे सकल जहान।। जीवन सफल जो चाहिए, चले झुंझनू धाम ।
पितृ चरण की धूल ले, हो जीवन सफल महान।।

nandgaon times sep--21-04.qxd 9/20/2024 11:59 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# महावीर सन सिटी में गणेश चतुर्थी महोत्सव की दस दिनों तक धूम मची...







**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संस्कारधानी की ख्यातिनाम कॉलोनी सन सिटी में इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी महोत्सव की खूब धूम मची, पहले दिन से लेकर आखरी दिन तक प्रतिदिन रात्रि में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित किए गए जो एक यादगार बन गए,

अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के नेतृत्व में कार्यक्रम संयोजक अतुल चोपड़ा,अशोक अग्रवाल ने दिन रात एक कर इसे सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई, इनके साथ ही सचिव दिलीप गोलछा कोषाध्यक्ष राजेश डागा,गोविंद मलानी, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी उपाध्यक्ष कीर्ति अग्रवाल सबने अपना पूरा सहयोग दिया, महावीर ग्रुप के चेयरमैन भाई विनोद बोहरा का विशेष योगदान रहा इन सबके अथक प्रयास से ये महोत्सव ऐतिहासिक हुआ, पहले दिन गणेश जी की स्थापना पूर्व भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें अनेक परिवार ने स्वागत कर सबका उत्साहवर्धन किया, कई जगह पानी,ड्राई फरूट्स,कोल्डड्रिंक, आइसक्रीम, चॉकलेट, नमकीन के साथ अनेक चीज़ें स्वागत में रखी गई थी, जुलूस में बच्चों सहित महिलाओं,बड़े बुर्जुग सभी की पूरी उपस्थिति रहे, इसके बाद शाम को स्थापना पूजन विधि विधान से विद्वान ब्राह्मण द्वारा कराया गया जिसमें मुख्य यजमान अशोक नीलू अग्रवाल परिवार थे, रात्रि 8 बजे से कान्हा,रचित, प्रथम,शुभम,हर्ष एंड ग्रुप द्वारा ओपनिंग सेरेमनी इंटरटेनमेंट कार्यक्रम हुआ जिसे सभी लोगों ने दिल से सराहा, अगले दिन बॉलीवुड फैशन शो हुआ जो शानदार रहा,इसी कड़ी में नौ तारीख को धन वर्षा हाऊजी खेलाया गया जिसमें भारी वर्षा के बीच धन वर्षा होती रही, इसके अगले दिन धमाकेदार म्यूजिकल अंताक्षरी गेम शो हुआ जिसमें सौ से भी ज्यादा लोगों ने भाग लिया,और सुपरहिट रहा, इसी क्रम में मम मी,फादर मी शो हुआ जो बहुत ही बढ़िया रहा,पंचमी को महा पूजा के साथ गणेश जी को छप्पन भोग लगाया गया जिसका श्रृंगार देखते ही बनता था,इसी दिन रात्रि में महा रासगरबा हुआ जिसने नवरात्रि की याद को ताजा कर दिया पूरा सन सिटी गुजरात के रंग में नजर आया, रोजाना रात्रि में सहयोगी परिवार हेतु एक से एक आइटमों से सजे हाई टी की व्यवस्था भी रहती थी, सभी की रोजाना पूरी पूरी उपस्थिति रहती थी,ऐसा प्रतीत होता था जैसे मेला लगा हो, इसके अगले दिन अमिताभ बच्चन का मेगा शो कौन बनेगा करोड़पति हुआ इसमें करीब 150 लोगों ने भाग लिया था,ये सबसे ज्यादा हिट रहा, जिसमें अमिताभ के हमशक्ल में पधारे आमोद श्रीवास्तव ने हॉट शीट के कई सवाल भी पूछे, विजेता उप विजेता टीम को पुरस्कृत भी किया गया, इसके अलावा कार्यक्रम की कड़ी में कॉमेडी नाइट्स का बहुत ही शानदार आयोजन हुआ,सभी लोग हंस हंस कर लोट पोट हो गए, इसके बाद अगले दिन भिलाई से आए वासी ने बच्चों और महिलाओं को भेष बदल कर एक से एक गेम खेलाए जिसका सभी ने लुफ्त उठाया, इसके बाद आखरी दिन बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड नाईट शो का भव्य आयोजन हुआ जिसमें पचास से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया और पूरे बॉलीवुड को ही यहां उतार दिया, अनंत चतुर्दशी के दिन सुबह 9 बजे से हवन, पूजन,आरती के पश्चात महाप्रसादी भोजन सबके लिए रखा गया था,सभी ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया और बाप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया, दोपहर 3 बजे विसर्जन हेतु जुलूस प्रारंभ हुआ जो सन सिटी से घूमते नाचते गाते मोहारा नदी तट पर पहुंचा जहां पूजा आरती कर पूज्य बाप्पा को अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से बिदाई दी गई, सभी कार्यक्रमों के प्रभारियों में रोजाना ड्रेस कोड प्रभारी कृष्णा माहेश्वरी, मूर्ति श्रृंगार नीलू अशोक अग्रवाल के साथ शांता माहेश्वरी जी,दीप्ति बिंदल,राखी मलानी,गीता डागा,पिंकी माहेश्वरी,रितिका पांडे,श्रद्धा पांडे, रूपाली गांधी,ट्विंकल चोपड़ा, नीलम सोनी,जसप्रीत कौर,विभा गुप्ता,निशा डागा,देविका मानेक रूपा कोटक,प्रगति साहिता,प्रिया भोजानी,मनीषा देवांगन, पूजा बक्शी,अर्पिता जेठानी,उन्नति जैन,रुचि श्रीवास्तव, किरण खोटेले, राहुल कोठारी, विशाल शर्मा के साथ साथ कान्हा, रचित, प्रथम, शुभम, अनमोलइन सभी का सराहनीय योगदान रहा।

## आज करेठी में कारीबदरिया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजा खुज्जी से लगे ग्राम करेठी में श्री गणराज ग्रुप (गणेशोत्सव समिति) के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य मे 21 सितम्बर शनिवार को रात्रि 8:00 बजे से लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम कारी बदरिया मोखा,बालोद वालो का कार्यक्रम कृषि उपज मंडी करेठी में रखा गया है। समिति के सदस्यों ने क्षेत्र वासियों से को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने की अपील की गई है।

## मांगों को लेकर अपर संचालक से मिला प्रतिनिधि मंडल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौंकी अंतर्गत एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय मोहला में



संचालित है। ग्राम एकटकन्हार के प्रतिनिधि मंडल एवं ग्रामवासी द्वारा जिला मुख्यालय से 8 किमी की दूरी पर स्थित एकटकन्हार ग्राम में उक्त एकलव्य विद्यालय की स्वीकृति एवं निर्माण करने हेतु कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर के अपर संचालक संजय गौड़ से सौजन्य मुलाकात कर मांग रखी। उन्होंने बताया कि एकटकन्हार से लगे थाना एवं चिकित्सालय की निकट में व्यवस्था है। विद्यालय पास में होने से बच्चों के आवागमन, सुरक्षा एवं अध्यापन कार्य में सुविधा होगी। इसी प्रकार एकलव्य आवासीय विद्यालय पेंड्री, राजनांदगांव में विगत कई वर्षों से प्राचार्य की पदस्थापना नहीं होने तथा पढ़ाई प्रभावित होने का हवाला देते हुए तत्काल प्राचार्य की पदस्थापना की मांग रखी। प्रतिनिधि मंडल एवं पालकगण ने अवगत कराया कि वर्ष 2023 एवं 2024 में स्कूली बच्चों को शाला गणवेश नहीं मिला है। उपस्थित प्रतिनिधि मंडल एवं क्षेत्रवासियों को अरजकुंड निवासी तिलक शोरी, वित्त नियंत्रक, संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर ने तत्परता से सहयोग प्रदान किया। ज्ञापन सौंपने हेतु मुख्य रूप से टीहू राम तारम, शिव कलामे, केजूराम गोटे, दशरथ हारमे और बंशीराम उपस्थित रहे।

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 25 को

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 25 सितम्बर 2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक रोजगार श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में सेफइंटेलीजेंट सिक्यूरिटी सर्विसेस भिलाई द्वारा केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए सिक्यूरिटी गार्ड के 200, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर के 30, लेबर के 50 तथा केवल महिला अभ्यर्थियों के लिए लेडीस गार्ड के 20 पद पर भर्ती की जाएगी। एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट प्रायवेट लिमिटेड बलौदाबाजार-भांठापारा द्वारा केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए इलेक्ट्रीकल के 2, फिटर के 2, मैकेनिक के 2, मैकनिकल के 2 पद तथा शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा केवल पुरूष अभ्यर्थियों के लिए एसआर सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव के 35, एग्रीकल्चर ऑफिसर के 5 पद पर भर्ती की जाएगी।

# पुलिसिया कार्यवाही पर सवाल ... व्यक्ति वर्ग विशेष पर होती है, सूक्ष्म जांच...

### पुलिस की नजरों में गरीब और आम इंसान का कोई मोल नही..., किसी गरीब व्यक्ति का शव यदि पुलिस के संज्ञान में आता है, तो केवल औपचारिकता करके पुलिस डायरी बन्द हो जाती है

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ऐसा ही एक मामला सामने आया जिसमे एक 36 वर्षीय युवक अपने ही घर मे फांसी पर लटका मिला, घर का दरवाजा बाहर से बंद था,घर के अंदर कोई खिड़की भी नही थी। हम बात कर रहे है, शहर के लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत अटल आवास के रहवासी का। परिजनों और पड़ोसियों की माने तो अटल आवास निवासी शोभित ढीमर उम्र 36 वर्ष अपने ब्लॉक नम्बर 36 के पहले माले में अकेले ही रहता था। मृतक के भाई और भाभी ने बताया कि घटना के 4 दिन पहले शोभित (मृतक)का झगड़ा पड़ोस के रहने वाले ईश्वर सोनकर के साथ उनकी पत्नी को छेड़ने के कारण हुआ था, झगड़े में ईश्वर ने मृतक के बड़े भाई को बोला था, कि, इसे मारकर लटका दूँगा। साथ ही मृतक के बड़े भाई को भी जान से मारने की धमकी दिया था। झगड़े के 4 दिन बाद मृतक के पड़ोस में रहने वाली पड़ोसी महिला ने मृतक के बड़े भाई के बेटे जिसकी उम्र महज 4 वर्ष है, को बुलाया और बताया कि तेरे चाचा के घर से बदबू आ रही है, तू चल, अबोध बालक महिला के साथ अपने चाचा के घर गया, वहां बाहर से दरवाजा बंद था, दरवाजा खुला तो चाचा रस्सी में लटका हुआ



दिखा। दरअसल झगड़े के दो दिन बाद ही शोभित मर चुका था, शव दो दिन पुराना होने के कारण बॉडी डी कम्पोज हो गई थी, और बॉडी से बदबू आ रही थी, घटना स्थल पर खून बिखरा पड़ा था,और कुछ चूड़ी टूटी हुई पड़ी थी। मृतक के बड़े भाई ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोष्टमार्टम के लिए शासकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया, परिजन पुलिस को लगातार बताते रहे, की यह आत्महत्या नही, हत्या है, लेकिन पुलिस ने मामले को गम्भीरता से नही लिया, वहीं मृतक का पड़ोसी मकान खाली करके कही और चले गया। पहले से ही डीकम्पोज हो चुकी बॉडी को जल्द ही पोष्टमार्टम करवाने में पुलिस ने कोई दिलचस्पी नही दिखाई, शव दो दिनों तक मरचुरी में ही रखा गया था, दो दिन बाद शव का पोष्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौपा गया। मृतक के परिजन अब न्याय मिलने की उम्मीद छोड़ चुके है। क्योकि देहाड़ी मजदूरी करने वाले कहाँ अपना काम-धाम छोड़कर थाने और नेताओं के चक्कर लगाएंगे। पुलिस भी आत्महत्या का मामला बोलकर जांच की ही नही। औरअगले मामलों की तैयारी में जुट गई।

## निषाद समाज राजनांदगांव कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज के निर्देशन में आज जिला निषाद समाज राजनांदगांव जिला प्रभारी व प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, महासचिव टीकम निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन लाल निषाद, जिला सलाहकार विजय लाल निषाद के नेतृत्व में कलेक्टर महोदय राजनांदगांव को मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया जिला निषाद केंवट समाज राजनांदगांव के द्वारा ग्राम छरछेद वि.ख. कसडोल जिला बलोदाबाजार भाटापारा में निषाद केंवट परिवार के चार लोगों की निर्मम हत्या की न्यायिक जांच कर आरोपी को कड़ी सजा एवं परिवार को 50,00000 (पचास लाख रुपए) अनुदान एवं परिवार के किसी एक सदस्य को शासकीय नौकरी देने की मांग श्रीमान कलेक्टर महोदय के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन सौंपा गया।

## शत प्रतिशत करने डिजिटल क्राफ्ट सर्वे वैष्णव



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** तहसील अंतर्गत ग्राम भोथीपार खुर्द धामनसरा में डिजिटल क्राफ्ट सर्वे निजी सर्वेयर गांव गांव गिदवारी अंतर्गत डिजिटल रूप में फसल का सर्वे कर रहा है डिजिटल क्राफ्ट निजी सर्वेयर द्वारा खेतों में लांगीट्यूड लैटिटयूड अपलोड किया जा रहा जिसका निरीक्षण योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव ने शत प्रतिशत करने एवं किसान नहीं छुटने बात कही भविष्य में धान बेचने परेशानी सामना न पड़े ग्राम भोथीपार खुर्द धामनसरा में सर्वे के दौरान राजस्व निरीक्षक किशोर कुमार निनावे पटवारी शंकुन्तला वर्मा सरपंच प्रतिनिधि केशव हिरवानी भोथीपार सरपंच लोकेश गंगवीर धामनसरा उपसरपंच कृत लाल पटेल कोटवार किसान मित्र सोमनाथ पटेल सहित किसान उपस्थित रहा।

# श्री गणेश विसर्जन मनमोहन झांकियो को हनुमान भक्तो ने किया पुरस्कृत

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** माई की नगरी डोंगरगढ़ में श्री हनुमान भक्त युवा समिति के तत्वाधान में श्री हनुमान चौक में गणेश विसर्जन झांकी प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ जिसमे धर्मनगरी की 14 विसर्जन झांकीयो ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतिया दी सभी ने नगर के मान व गौरव बढने के लिये उम्दा सराहनीय प्रयास किया व सभी युवाओ के उत्साह के परिणाम स्वरूप भव्य दिव्य झांकी का दर्शन लाभ जनमानस को मिला समिति द्वारा श्री हनुमान चौक पर सभी झांकियों का भव्य स्वागत किया गया। इस वर्ष झांकियो की उपस्थिति अच्छी संख्या में रही व सभी झांकी अच्छे साज सज्जा व लाइटिंग सुंदर मूर्तिया ,संवाद अच्छे होने के कारण चयन समिति को निर्णय लेने में विचार करना पड़ा जिसमे.... प्रथम पुरुस्कार - वीर क्लब शुक्रवारी मजार पारा (झांकी प्रसंग कल्कि अवतार) 11,000 ? व कप (स्व. सूरज नरेडी की स्मृति में श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा) द्वितीय पुरस्कार- स्टार क्लब बुधवारी पारा (प्रसंग विष्णु जी मत्स्य अवतार) 7,100 ? व कप (स्व.शुभम चौहान की स्मृति में श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा) तृतीय पुरस्कार- श्री सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति कालका पारा (प्रसंग मां की ममता)5,100 ? व कप (श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा) विशेष पुरुस्कार- विनर क्लब भगत सिंह चौक (प्रसंग दुर्गमा सुर वध) 3100 ? नगद (श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा) अन्य



सभी झांकियो को सांत्वना पुरुस्कार 2100-2100 रु नगद श्री हनुमान भक्त युवा समिति द्वारा सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर अवार्ड वितरण - मां बमलेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ का हर सामाजिक धार्मिक आयोजन में अपने वीडियो के माध्यम से फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब,वाट्स एप के माध्यम से मान बढ़ाने वाले सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को श्री हनुमान भक्त युवा समिति की ओर से स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया जिसमे आदित्य मिश्रा,रूष्ठ तौसीफ,प्रभराज सिंह,चित्रांश श्रीवास्तव,निखिल साहू,गगन महोबिया,लकी जैन,आयुष टेम्बुरकर,टुंमन लाल साहू,तुलसी यादव,लोकेश सिन्हा,सचिन यादव,अनुज शर्मा,मिहिर देवांगन व प्रिंस यादव को मंच के माध्यम से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। मंच स्थिति के रूप में रामजी भारती,महेंद्र वैष्णव, विनोद खांडेकर,अमित जैन,विनीत यादव,श्याम तिवारी शिव निषाद,संजीव गोमस्ता,संजू वशिष्ठ,राव,राजू ठाकुर,सीटू भाटिया,सत्यप्रकाश मिश्रा,दिलीप बिंदल,मनोज गुप्ता,गणेश नरेडी,भरत ठाकुर शेख अब्दुल्ला, तीर्थ ठाकुर,थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा,उमेश बघेल,सब इंस्पेक्टर शंकर गोस्वामी व अन्य सभी उपस्थित रहे साथ ही सभी गणेश उत्सव समितियों को सफल आयोजन की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं फि व पुरुस्कार वितरण में हमारे अतिथि लाला तापड़िया,जसबीर बन्नोआना,सुभाष रवि अग्रवाल,गिरिराज तापड़िया,मो. जसु असरफी,दीपक भाटिया,भगवानदीन साहू,मोहन तराने,बंटू तापड़िया,संजू चौरसिया,समीर गुप्ता,हनी गुप्ता,नीरज चौरड़ियाहिमाशु गुप्ता कमल किशोर शर्मा,अविनाश पोद्दार,योगेश कंडरा,कोमल मालेकर, राजन सिंह,शैलेश मालेकर,वरुण अग्रवाल,त्रिलोक मालेकर समिति सदस्य व व्यापारी उपस्थिति रहे। साथ ही इस पुरे आयोजन को व्यवस्थित व शांति पुर्ण रुप से सफल बनाने मे शासन प्रशासन का अहम योगदान रहा पुलिस-प्रशासन व नगर पालिका की पूरी टीम का श्री हनुमान भक्त युवा समिति हृदय से आभार व्यक्त करती है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com